देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 231 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**शक्तियों का संतुलन



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 18 दिसंबर 2021



मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 06.0°

40243.39

2 अंतरिक्ष के कोने में भी जिंदा प्लूटो
7 रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा पहुंचा एनसीए

# तीसरी लहर का कारण बन सकता है ओमिक्रोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में ओमिक्रोन के कुल मामले 100 के पार हो गए हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस कर कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन को लेकर अपडेट दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने पीसी कर बताया कि देश में ओमिक्रोन के कुल मामले 101 हो गए हैं। उन्होंने बताया कि देश में ओमिक्रोन के जो अधिकतर मामले आए हैं उनकी ट्रैवल हिस्ट्री है या वो ट्रैवल हिस्ट्री वाले लोगों के संपर्क में आए हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वभर में 91 देशों में ओमिक्रोन के मामले सामने आ चुके हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ओमिक्रोन दक्षिण अफ्रीका में डेल्टा वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैल रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि कम्युनिटी स्प्रेड वाली जगहों पर ओमिक्रोन के मामले डेल्टा वैरिएंट से ज्यादा आ सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि देश में ओमिक्रोन के जो अधिकतर मामले आए हैं उनकी ट्रैवल हिस्ट्री है या वो ट्रैवल हिस्ट्री वाले लोगों के संपर्क में आए हैं।

## देश में ओमिक्रोन के कुल 101 मामले, महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा केस

**24 घंटे में 7,447 कोरोना संक्रमित**

देश में कोरोना के 7,447 नए मामले सामने आए हैं। राहत की बात रही कि बीते 24 घंटे में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या संक्रमित मरीजों से ज्यादा रही। 24 घंटे में 7,886 मरीजों की रिकवरी हुई है। वही, इसके अलावा 391 लोगों की मौत भी हुई है। देश में कोरोना वायरस का आंकड़ा 3,47,26,049 पहुंच गया है। सक्रिय मामलों की संख्या 86,415 है। वहीं मौत का कुल आंकड़ा 4,76,869 पहुंच गया है।



**देश में कहां कितने मामले**

- महाराष्ट्र– 32
- दिल्ली– 22
- राजस्थान– 17
- कर्नाटक– 8
- तेलंगाना– 8
- केरल– 5
- गुजरात– 5
- आंध्र प्रदेश– 1
- तमिलनाड़– 1
- चंडीगढ़– 1
- पश्चिम बंगाल– 1
- कुल 101

**10 हजार से कम आए कोरोना के मामले:** उन्होंने बताया कि बीते 20 दिनों से कोरोना के लगातार 10 हजार से कम मामले सामने आ रहे हैं। बीते एक हफ्ते पॉजिटिविटी रेट 0.65 प्रतिशत था। देश के कुल एक्टिव मामलों में केरल में अकेले मामले 40.31 फीसदी है।

**19 जिलों में संक्रमण बहुत ज्यादा** लव अग्रवाल ने बताया कि देश में अभी 19 जिले ऐसे हैं जहां संक्रमण बहुत ज्यादा है। वहां साप्ताहिक पॉजिटिविटी 5–10 प्रतिशत के बीच है। केरल में ऐसे 9 जिले, मिजोरम में 5 जिले, नागालैंड, राजस्थान, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश,पश्चिम बंगाल में ऐसे एक–एक जिले हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि जिस तरह तीन हफ्ते के अंदर ओमिक्रोन अफ्रीका और यूरोप में हावी हो गया है, उससे भारत में भी जनवरी तक इसके मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि ये ओमिक्रोन कोरोना वायरस की तीसरी लहर का कारण बन सकता है।

**दिल्ली में 22 हुई संक्रमितों की संख्या:** दिल्ली में ओमिक्रोन वैरिएंट के 10 नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में ओमिक्रोन के मामले बढ़कर 20 हो गए हैं। 20 मरीजों में से 10 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## ओमिक्रोन के बीच विदेश से उत्तराखंड आए 490 लोग लापता

देहरादून। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ समय शेष है। ऐसे में बड़ी–बड़ी जनसभाएं और रैली हो रही हैं। लेकिन इन सब के बीच एक खबर चिंता बढ़ाने वाली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्घ्तराखंड में विदेश से आए करीब 490 लोग लापता हैं। डर है कि इनमें से कोई कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन से ग्रसित न हो। पुलिस और एलआइयू की मदद से इनकी तलाश हो रही है। एक नवंबर से 15 दिसंबर तक उत्तराखंड के करीब 1900 लोग विदेश से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे। हवाई अड्डे पर उन्होंने उत्तराखंड आने की जानकारी दी पर इनमें से 490 लोग अभी तक ट्रैस नहीं हो पाए हैं। इनके फोन नंबर गलत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक की दुष्कर्म संबंधी टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रियाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस विधायक के आर रमेश कुमार द्वारा दुष्कर्म को लेकर की गई टिप्पणी पर देश भर में कड़ी प्रतिक्रिया हुई है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने विधायक के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि संबंधित पार्टी को अपने विधायक को कानून के कठघरे में खड़ा करना चाहिए। वहीं सपा सांसद जया बच्चन और राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी दुष्कर्म पर कांग्रेस विधायक की टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### माफिया को संरक्षण देती थी बुआ–भतीजे की सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। यूपी में कुछ ही दिनों बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। देश के गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। अमित शाह ने विरोधी दलों पर जमकर हमला भी बोला। शाह ने तंज कसते हुए कहा कि सपा, बसपा की बुआ–भतीजे की सरकारें माफियाओं का संरक्षण करती थी।

## पहाड़ से पलायन रोकने के लिए लगातार किए जा रहे प्रयास

### सीएम ने किया रूरल बिजनेस इंक्यूबेटर का उद्घाटन

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा जिले के हवालबाग ब्लाक में रूरल बिजनेस इंक्यूबेटर का उद्घाटन करने के साथ 49.19 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पहाड़ से पलायन रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। गांवों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी टिहरी के लिए रवाना हो गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हवालबाग में आजीविका महोत्सव के उद्घाटन करने के बाद कहा कि आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर हो रही हैं। अब हवालबाग में रूरल बिजनेस इंक्यूबेटर का उद्घाटन कर दिया है। अब यही पर ग्रामीणों को



अपना लघु उद्यम शुरू करने की सारी जानकारी मिल जाएगी। उनको बैंकों, सरकारी विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब सामान्य गांव की महिला अपना स्वरोजगार आसानी से शुरू कर सकेगी। ऐसा इंक्यूबेटर एक हवालबाग में दूसरा पौड़ी जिले में खोला जा रहा है। अगले एक दशक में पूरे राज्य को देश का अग्रणी प्रदेश बनाया जाएगा। यह सपना मोदी जी ने देखा है। जिसे हम सबने मिलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि होम स्टे योजना पर्यटन का आधार बनेगी। सामान्य व्यक्ति भी होम स्टे के माध्यम से पर्यटन गतिविधि कर आर्थिकी को बड़ा सकता है।

सीएम धामी ने महान विभूतियों की पुण्य भूमि को नमन कर विकास कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। और इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाने का कार्य हम सबने मिलकर करना है। सरकारी विभागों से 10 साल का विजन डॉक्यूमेंट बनाने को कहा है। सारे शहरों को हेली सेवा से जोड़ा जाएगा।

## उत्तराखंड को दिलाएंगे विश्व पटल पर पहचान: सिसौदिया

**संवाददाता**

भवाली। आम आदमी पार्टी के डिप्टी सीएम मनीष सिसौदिया ने शुक्रवार को नैनीताल के भवाली में जनसभा की। इसमें उन्होंने भाजपा व कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कहा कि दोनों पार्टियों ने बीते 21 सालों से बेईमानी, भ्रष्टाचार व जनता को गुमराह करने का काम कर रही हैं। कहा कि भाजपा प्रदेश की सबसे नकारा सरकार है। आप की सरकार आई तो उत्तराखंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। साथ ही आम आदमी पार्टी की 4 प्रमुख घोषणाओं को जनता के सामने दोहराया।

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली के डिप्टी सीएम नगर में पहुंचने पर नगर के आप कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया। सिसौदिया ने कहा कि भाजपा उत्तराखंड के 21 सालों के इतिहास की सबसे नकारा सरकार है। आज सरकारी विभागों में 57 हजार पद खाली है। बिना कर्मचारियों के सरकार कैसे चलेगी। पिछले 5 सालों से भाजपा उत्तराखंड में भ्रष्टाचार कर रही है, और जब जनता परिवर्तन की ओर देखने लगी तो भाजपा ने मुख्यमंत्री बदलने का खेल शुरू किया। सभी मुख्यमंत्री घोषणाओ के अलावा कुछ नहीं किया। नई घोषणाएं करते रहे, पुरानी को भूल गए। भाजपा ने 5 सालो में 1100 घोषणाएं की। जिसमें केवल 100 घोषणाओं पर आदेश हुए है। कहा कि दोनों ने उत्तराखंड में शाशन किया लेकिन 1 बेहतर स्कूल नहीं खोल पाए। न स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरूस्त हुई, न रोजगार के अवसर खोले गए। कहा कि यदि उत्तराखंड में जनता आप को चुनती है तो 1 लाख लोगों को रोजगार व उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि इस बार चुनाव में झाडू को उठाकर भाजपा व कांग्रेस को साफ कर दीजिए।

**हमला**

- भाजपा व कांग्रेस पर जमकर हमला बोला

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## पंजाब में बीजेपी के साथ लड़ेंगे कैप्टन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### पंजाब भाजपा चुनाव प्रभारी गजेंद्र शेखावत से सीट बंटवारे पर चर्चा

चंडीगढ़। पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी के प्रमुख व पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भाजपा से चुनाव गठबंधन करने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। कैप्टन ने कहा कि आज पंजाब भाजपा चुनाव प्रभारी गजेंद्र सिंह शेखावत से सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा हुई और सीटें तय की गई। भारतीय जनता पार्टी और पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी के गठबंधन को अंतिम रूप देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह गत दिवस दिल्ली पहुंचे थे।

शुक्रवार को कैप्टन ने पंजाब भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच पंजाब विधानसभा चुनाव में गठबंधन व सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा हुई। कैप्टन ने ट्वीट कर लिखा कि उन्होंने पंजाब भाजपा चुनाव प्रभारी के साथ मुलाकात में सीटों के बंटवारे पर चर्चा की। शेखावत से मुलाकात के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि हम 100 प्रतिशत सीटें जीतेंगे। हम प्रत्येक सीट का अध्ययन करेंगे। सीटों के बंटवारे का मानदंड जीत होगी।